दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूं न लिखूं सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-244 मुरादाबाद **31 December 2022 (Saturday)** पृष्ठ:-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पंचतत्व में विलीन हुईं मां हीराबा, प्रधानमंत्री मोदी ने भाइयों संग दी मुखाग्नि




पीएम मोदी की मां हीराबेन का निधन शुक्रवार तड़के अहमदाबाद के अस्पताल में हो गया। हीराबेन की उम्र 100 साल थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की बुधवार को तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया थाजापान के पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी की मां के निधन पर शोक जताया जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शुक्रवार को अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक व्यक्त किया। किशिदा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं आपकी प्यारी मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने जताया शोक- आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने पीएम मोदी की मां के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूजनीया माता जी हीरा बा के निधन से एक तपस्वी जीवन पूर्ण हो गया। इस दु:खद प्रसंग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हम सभी स्वयंसेवक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। माताजी का जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी मूल्य के प्रति निष्ठा एवं ईश्वर के प्रति अटूट आस्था के बल पर सतत कर्मशील रहने वाले सार्थक जीवन का महान उदाहरण है। मातृवियोग की वेदना की इस वेला में श्री नरेंद्र भाई मोदी एवं उनके परिजनों के प्रति हम हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। श्री परमात्मा दिवंगत को सद्गति प्रदान करें, यही प्रार्थना !! ? शान्तिः !! मां का अंतिम संस्कार कर श्मशान घाट से रवाना हुए पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




गांधीनगर के श्मशान घाट पर अपनी मां हीराबेन मोदी का अंतिम संस्कार करने के बाद वहां से रवाना हो गए हैं।चतत्व में विलीन हुईं पीएम मोदी की मां हीराबा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा पंचतत्व में विलीन हो गईं। पीएम मोदी ने अपने भाई के साथ मिलकर उन्हें मुखाग्नि दी। तस्वीरेंः हीराबा का पार्थिव शरीर श्मशान घाट लाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी का पार्थिव शरीर गांधीनगर के श्मशान घाट लाया गया राहुल गांधी ने जताया दुख- कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी की माताजी, श्रीमती हीरा बा के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। इस मुश्किल समय में, मैं उन्हें और उनके परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं और प्यार व्यक्त करता हूं।परिवार ने दिया संदेश- पीएम मोदी के परिवार ने मां हीराबा के निधन पर एक संदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि हम इस कठिन समय में उनके लिए की गई प्रार्थनाओं के लिए सभी का धन्यवाद करते हैं। सभी से हमारा विनम्र अनुरोध है कि दिवंगत आत्मा को अपने विचारों में रखें और अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम और प्रतिबद्धताओं को जारी रखें। हीराबा को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम मोदी की मां के निधन पर जताया दुख- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया।अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया पीएम मोदी की मां का पार्थिव






शरीर- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी को गांधीनगर में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।अंतिम सफर पर हीराबा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी को गांधीनगर में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गयापीएम मोदी ने मां हीराबेन मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में अपनी स्वर्गीय मां हीराबेन मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित की।खरगे-प्रियंका समेत इन लोगों ने भी जताया दुख- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी हीराबा के निधन पर दुख जताया।पीएम मोदी के भाई व परिवार के अन्य सदस्य हीराबा के आवास पहुंचे- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई सोमाभाई मोदी और परिवार के अन्य सदस्य हीराबेन मोदी के आवास पर पहुंचे।

## मायावती बोलीं- BJP धर्मांतरण, लव जिहाद और मदरसा सर्वे की जगह OBC आरक्षण पर ध्यान देती तो ये न होता

मायावती ने कहा कि भाजपा ने सोची-समझी रणनीति के तहत ही निकाय चुनाव समय से नहीं कराने का षड्यंत्र रचा है। अगर धर्मांतरण और लव जिहाद की जगह ओबीसी आरक्षण पर ध्यान देते तो आज ये स्थिति न होती। बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और कोऑर्डिनेटरों की बैठक में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत यूपी निकाय चुनाव को सही कानूनी तरीके से कराने की नहीं थी। उसे टालने की ही थी। वह धर्मांतरण, लव जिहाद, मदरसा सर्वे आदि संघ के तुष्टिकरण में समय बर्बाद करती रही। उसके बजाय यदि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर ध्यान केंद्रित करती तो आज ऐसी विचित्र स्थिति नहीं पैदा होती। यह उसने सोची-समझी रणनीति के तहत किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री विदेश से निवेश लाने के नाम पर सरकारी धन विदेशी रोड शो व भ्रमण पर खर्च कर रहे हैं। यह अब नया




चस्का इन्हें लगा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता महंगाई की मार से परेशान है। भाजपा की कथनी और करनी में भारी अंतर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही आरक्षण विरोधी हैं। दोनों ने मिलकर पहले एससी एसटी वर्ग के आरक्षण के संवैधानिक अधिकार को निष्क्रिय व अप्रभावी बनाया और बाद में जातिवादी नियत के खेल खेले। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित दो राज्यों कर्नाटक व महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद को लेकर तकरार व टकराव अति दुखद है। भाजपा जब आंतरिक विवाद का समाधान नहीं निकाल पा रही है तो अंतरराष्ट्रीय सीमा विवाद का क्या होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया और कहा कि बूथ लेवल पर जाकर काम करें और सर्वसमाज के लोगों को पार्टी से जोड़ें।

# पूर्व महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में जल्लूपुर सीहोर के गरीब लोगों ने जिला अधिकारी कार्यालय में प्रभारी एसडीएम को ज्ञापन दिया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जल्लूपुर सीहोर के गरीब लोगों की जमीन पर कुछ लोग दबंग टाइप के कब्जा करना चाहते उन लोगों ने समस्त जनता ने जिलाधिकारी के कार्यालय में जाकर के एसडीएम प्रभारी कॉल राजेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा यह ज्ञापन जिलाधिकारी के निर्देश पर लिया गया भारी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए जिनके मकान पर कब्जे लेने का प्रयास किया जा रहा है वही लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे गरीब लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन में बताया है कि 70 वर्षों से जमीन पर रह रहे हैं मकान बनाकर के चैन की नींद सो रहे हैं दबंग लोग परेशान कर रहे हैं अपनी जमीन बताकर जमीन को हड़पना चाहते है लोगों ने यह भी बताया है कि पहली शिकायत के बाद फर्जी तौर पर लोगों ने बैनामा करा लिया है वह जमीन किसी के नाम नहीं है वह जमीन पर हमारा कब्जा है और हम मकान बनाकर रह रहे हैं और 70 वर्षों से अपना जीवन यापन कर रहे हैं इस तरह से गरीब लोगों ने एवं दलितों ने जिलाधिकारी को बताया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन में बताया है कि यह सब लोग गरीब है अत्यंत गरीब है इनके पास रहने के लिए इस जगह के सिवा कोई जगह नहीं है कोई 70 वर्षों से अपने परिवारों को लेकर के यहां पर रह रहे हैं तो कुछ दबंग लोगों को इस जमीन पर नियत खराब हुई दबंग भी दलित हैं जो अत्यंत दबंग है यह लोग गरीब हैं अत्यंत गरीब हैं इनको नाजा तरीके से दबाया जा रहा है इनको बराबर उसी जमीन पर रहने दिया जाए दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस सरकार में दबंगई भू माफिया गिरी कतई नहीं चलेगी नहीं से बर्दाश्त किया जाएगा गरीबों को सरकारी जमीन दे रही है मकान दे रही है मकान छीन नहीं रही है गरीबों से मकान छीनने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने पर आईजी सरगुजा करेंगे थाना भटगांव व चौकी बसदेई पुलिस टीम को पुरस्कृत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के थाना भटगांव व चौकी बसदेई पुलिस टीम के द्वारा 2 अंधे कत्ल की गुत्थी को तत्परता के साथ सुलझाने पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के अनुशंसा पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के द्वारा इन पुलिस टीमों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। बता दें, 18 दिसम्बर 2022 को थाना भटगांव निवासी एक महिला ने अपने 14 वर्षीय बालक की गुम होने की सूचना देने पर गुमशुदगी तथा अपहरण का मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान 25 दिसम्बर को एसईसीएल ओसीएम खदान वार्फवाल नीली झील नर्सरी में रास्ता के किनारे अपहृत बालक का शव मिला जिसके बाद हत्या का मामला पंजीबद्ध कर तत्परता के साथ गंभीरतापूर्वक विवेचना कर मामले का खुलासा किया गया और मृतक के दोस्त विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक के द्वारा वारदात को अंजाम देना पाये जाने पर उसे हिरासत में लिया गया। वहीं दूसरे मामले में 26 दिसम्बर 2022 को बसदेई निवासी पवन साय राजवाड़े ने चौकी बसदेई में भतीजे भारत राम राजवाड़े की मृत्यु होने की सूचना दिए जाने पर चौकी बसदेई पुलिस के द्वारा मर्ग कायमी उपरान्त मामले में हत्या का मामला पंजीबद्ध किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में लगातार विवेचना करते हुए मामले का खुलासा करते हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाया कादिर अंसारी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त किया है। इन दोनों अंधे कत्ल की गुत्थी को गंभीरतापूर्वक और तत्परता के साथ सुलझाने और वारदात को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा करने पर थाना भटगांव व चौकी बसदेई की पुलिस टीम को आईजी सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# नववर्ष पर नहीं मिलेगा मां विंध्यवासिनी के गर्भगृह में प्रवेश

मीरजापुर-नए साल पर श्रद्धालु आदिशक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी के चरण स्पर्श नहीं कर सकेंगे। यही नहीं, साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर को भी चरण स्पर्श पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसे में भक्तों को 31 दिसंबर व एक जनवरी को गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलेगा। विंध्य पंडा समाज और विंध्य विकास परिषद मिलकर इसका सख्ती से पालन कराएंगे। भीड़ के मद्देनजर जरूरत पड़ी तो प्रतिबंध आगे भी बढ़ाया जाएगा।





## देश के कोने-कोने से आते हैं भक्त

दरअसल, नए साल की शुरुआत लोग मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर करते हैं। यही नहीं, देश के कोने-कोने से भक्त दर्शन करने भी आते हैं, ताकि उनका पूरा साल सुखमय बीते। नए साल की पूर्व संध्या पर भी लाखों भक्त मां विंध्यवासिनी के धाम में आते हैं। ऐसे में बढ़ते कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला प्रशासन अलर्ट है। कोरोना गाइडलाइन के अनुरूप दर्शन-पूजन की व्यवस्था रहेगी। भक्तों की सुरक्षा और सेवा के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। नए साल पर मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने वालों को भीड़ में सावधानी बरतनी होगी। यही नहीं, दर्शन-पूजन करने में भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विंध्य पंडा समाज के 19 पदाधिकारी विंध्यवासिनी मंदिर में दो-दो घंटे ड्यूटी करेंगे।फीवर हेल्प डेस्क स्थापित, मौके पर होगा

## एंटीजन टेस्ट

डीएम दिव्या मित्तल ने सुरक्षा के लिहाज से लाखों की संख्या में होने वाली भीड़ में सुरक्षित रहने के लिए मास्क लगाने की सलाह दी है। साथ ही विंध्य धाम में फीवर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है जहां बुखार से पीड़ित लोगों का मौके पर ही एंटीजन टेस्ट कराया जाएगा।

## होटल व वाहन स्टैंड वालों को होगा लाभ

नए साल पर होटल व वाहन स्टैंड भी लगभग फुल रहेंगे। दूर-दराज से आने वाले दर्शनार्थी एक दिन पहले ही ठहरने के लिए कमरा बुक करेंगे और रात्रि विश्राम के बाद सुबह स्नान-ध्यान के साथ मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन करेंगे। हालांकि मां विंध्यवासिनी के चरण स्पर्श नहीं कर सकेंगे। वैसे तो मां की एक झलक पा जाने भर से भक्त खुद को धन्य समझते हैं।

## श्रद्धालुओं को न हो दिक्कत, व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

फिलहाल, विंध्य धाम के विकास के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कारिडोर निर्माणाधीन है। निर्माण के चलते भक्तों को आवागमन में किसी भी प्रकार की दिक्कत या खतरा न हो, इसके लिए कार्यदायी संस्था को पहले ही व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।

## चुस्त-दुरुस्त रहेगी प्रशासनिक व्यवस्था व पर्याप्त पुलिस बल

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि नव वर्ष के मौके पर 31 दिसंबर और एक जनवरी को मां विंध्यवासिनी के दरबार में देश के कोने-कोने से भक्तों की भारी भीड़ आने की संभावना है। इसको लेकर प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी। विंध्य धाम में आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। आवश्यकता पड़ी तो बैरिकेडिंग भी कराई जाएगी। शुक्रवार को भी विंध्याचल पहुंचकर वहां स्थिति का जायजा लिया जाएगा।

## मां काली का वार्षिक शृंगार, भक्त निहाल

विंध्य पर्वत के त्रिकोण मार्ग पर विराजमान मां काली का वार्षिक शृंगार किया गया। इस मौके पर भजन-कीर्तन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। वार्षिक शृंगार के अवसर पर मां काली का तरह-तरह के फूलों से भव्य शृंगार किया गया था। श्रद्धालु मां काली के भव्य स्वरूप का दर्शन कर निहाल हो उठे। मां काली के जयकारे से विंध्य पर्वत गुंजायमान हो उठा। मंदिर की भी भव्य सजावट की गई थी। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं ने एक बार फिर मां काली का जयकारा लगाया। पुजारी हेमंत मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति कालीखोह मंदिर पर वार्षिक शृंगार का आयोजन किया गया। वहीं भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कमिश्नरी सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद कमिश्नरी सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लि0 द्वारा अद्यतन फोटो न भेजने तथा यू0पी0सी0एल0डी0एस0 गलत सूचना प्रेषित करने पर प्रोजेक्ट मैनेजर का स्पष्टीकरण किया तलब राजकीय निर्माण निगम द्वारा बिजनौर में बनाया जा रहा डिग्री कालेज के चित्र में गुणवत्ता खराब दिखने पर जांच कराने के निर्देश कमिश्नरी सभागार में अपर आयुक्त बी0एन0 यादव की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर आयुक्त ने उ0प्र0 पुलिस आवास विकास निगम लि0 द्वारा अद्यतन फोटो न भेजने तथा यूपी0सी0एल0डी0एस गलत सूचना प्रेषित करने पर प्रोजेक्ट मैनेजर का स्पष्टीकरण तलब किया तथा राजकीय निर्माण निगम द्वारा बिजनौर में बनाया जा रहा डिग्री कालेज के चित्र में गुणवत्ता खराब दिखने पर जांच कराने के निर्देश दिये। कई कार्यदायीं संस्थाओं द्वारा धनराशि कम व्यय करने तथा कार्य में धीमी प्रगति होने पर अपर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजना जो कि धनाभाव के कारण पूर्ण नहीं की जा सकती है उन सभी परियोजनाओं की धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु विशेष प्रयास किए जाये। अपर आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिग्री कॉलेज व आई टी आई भवन आदि हेतु निर्बाध पहुंच मार्ग की व्यवस्था अवश्य की जाए। इसके लिए तत्काल जिलाधिकारियों से संपर्क स्थापित किया जाए। बैठक में राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट प्रबन्धक के बैठक में उपस्थित न होने पर प्रोजेक्ट प्रबंधक को कल उपस्थित होकर परियोजना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। समीक्षा बैठक उप निदेशक अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सी0एन0डी0एस0, राजकीय निर्माण निगम, समाज कल्याण निर्माण निगम, जल निगम, यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन, उ0प्र0 आवास विकास परिषद, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, पैकफेड, ग्रामीण अभियंण विभाग आदि कार्यदाई संस्थाओं के अधीक्षण अभियंता एवं मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका



रामपुर के शाहबाद में सैफनी थाना क्षेत्र के दिव्यानगला गांव के जंगल में आम के पेड़ पर फंदे से लटका हुआ युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को नीचे उतारा। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। गांव निवासी किसान ओमवती अपने बेटे अजब सिंह ( 26 ) के साथ गुरुवार शाम को बड़ागांव बस अड्डा से खाद खरीदने गई थीं। बताया गया कि खाद की दुकानें बंद मिली थीं। जिसके बाद ओमवती गांव वापस चली गईं, लेकिन बेटा अजब सिंह दो दोस्तों के साथ कहीं चला गया। परिजनों के अनुसार रात भर अजब सिंह घर नहीं लौटा। जिसके बाद सुबह को गांव का ही एक व्यक्ति शौच करने के लिए जब जंगल गया तो आम के पेड़ से मफरल के फंदे से अजब सिंह का शव लटका हुआ था। शव लटके होने की बात आग की तरह फैल गई। शव लटके होने की सूचना परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। सैफनी थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सोलंकी घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अजब सिंह की हत्या करने के बाद उसका शव लटकाया गया है और हत्या की पूरी आशंका जताई जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। अजब सिंह की मौत से पत्नी मीनाक्षी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बच्चे भी हैं।थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करने के लिए रामपुर भेज दिया है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 31 जनवरी से शुरू होगी दरोगाओं की ट्रेनिंग, साइबर और फोरेंसिक में निपुण होगा नया बैच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के लिए चयनित होकर ट्रेनिंग का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। 31 जनवरी से उनकी ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। मुरादाबाद के पुलिस प्रशिक्षण संस्थान समेत प्रदेश के ग्यारह संस्थानों में तैयारियां शुरू हो गई हैं यह जानकारी डीजी प्रशिक्षण डॉ. राजेंद्र पाल सिंह ने बृहस्पतिवार को मुरादाबाद में दी।उन्होंने बताया कि शासन के आदेश पर उत्तर प्रदेश में उप निरीक्षक के 9534 पदों पर भर्ती की गई है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो 31 जनवरी 2023 से उत्तर प्रदेश के 11 संस्थानों में ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अपराध का तौर तरीका बदल गया है।

अब साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। इसकी रोकथाम और अपराधियों को पकड़ने और उन्हें सजा लेने के लिए पुलिस को भी उतना ही तैयार होना पड़ेगा। इसके लिए अब पुलिस को साइबर और फोरेंसिक में मजदूर किया जाएगा। उप निरीक्षक की बारह माह चलने वाली ट्रेनिंग में साइबर पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाएगा। नए बैच को घटनास्थल से नमूने लेने और विवेचना में साक्ष्य जुटाने की बारीकियां समझाई जाएगीं। अपराधियों को ज्यादा दिलाने में सबसे जरूरी साक्ष्य ही अहम कड़ी होती है। उन्होंने बताया कि हमारे पास साइबर एक्सपर्ट हैं। इसके अलावा भी हम निजी साइबर एक्सपर्ट को संस्थानों में बुलाते हैं। ताकी हमारे नए कैडेट अधिक जानकारी जुटा सकें। पुलिस ट्रेनिंग संस्थानों में साइबर फोरेंसिक लैब स्थापित की गई हैं। जिसमें दरोगा, सीओ और साइबर अपराध थानों में तैनात किए जाने स्टाफ को ट्रेंड किया जाएगा।

**ताजा अपडेट के लिए देखे**

**WWW.KNLSIVE.COM**


**ऑफर**

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

**9027776991**



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# 20 फरवरी 2023 तक जनपद में धारा-144 लागू

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जनपद मुरादाबाद की संवेदनशीलता तथा जनपद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं एवं निकट भविष्य में मनाये जाने वाले पर्व गुरु गोविन्द सिंह जयंती, मकर संक्रान्ति, गणतंत्र दिवस, मो0 हजरत अली का जन्मदिवस, संत रविदास जयंती व महाशिवरात्रि एवं कोविड-19 के परिपेक्ष्य में निर्गत शासनादेश का अनुपालन कराने के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए

लोक व्यवस्था बनाने हेतु जिला मजिस्टेªट श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी पूर्ण संतुष्टि के उपरांत जनपद मुरादाबाद में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अर्न्तगत निषेधाज्ञा जारी की है, जोकि दिनांक 20 फरवरी 2023 तक जनपद मुरादाबाद में लागू रहेगी।

**WWW.KNLSLIVE.COM**


इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक



**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# संपादकीय Editorial

## Corona basic drill

In view of the apprehensions and dangers of corona infection, mock drills were organized in major hospitals across the country. It was a sensible attempt to assess the preparedness of the medical infrastructure and health infrastructure. We have seen and suffered two horrific and deadly waves of Corona, so lessons are in front of us. A total of three waves have passed. The findings of the mock drill were also more or less positive. Oxygen plants have been installed in hospitals. Ventilators were also found to be functioning smoothly in the intensive care units of the hospitals. The presence of necessary medicines, equipment and staff for Corona was also encouraging. Now India exports PPE kits. Testing is the proven foundation of our medical system, through which the virus can be identified. Proper screening of passengers coming from countries and cities like China, Japan, South Korea, Hong Kong, Taiwan, Bangkok etc. is being done at the international airport of capital Delhi. Such arrangements will be made at all international airports. On Tuesday, 13 infected passengers were admitted to Safdarjung Hospital in Delhi. Although the passengers did not have obvious symptoms of corona infection, they have been kept in quarantine and their samples have been sent for genome sequencing. Although the daily average of testing here is close to 1 lakh, whereas in November the same average was more than 2 lakh daily. It is possible that this is the reason why the average infected patients in India are less than 200 everyday. On Tuesday, this figure remained only 157. This figure of infection is negligible in a country with a population of about 142 crores and there are 3421 active cases under treatment in the country. However, with some exceptions, the mock drill was conducted when the average of corona infections in India on December 26, per million people, was only 0.13. The same averages were 547.7 and 301.7 in France and Germany on the same day. How many hundred times are there differences between the conditions of corona infection in Europe and India? Despite this, a day before the mock drill, Karnataka became the first state to make wearing masks mandatory in public places. Although no fine or punishment has been attached with this imperative, although the Prime Minister and the Health Minister have definitely urged for vigilance and caution. We believe that there are no such scary possibilities of corona infection in India, especially in the service Useless restrictions should be imposed on the industry sector, because the service sector business has recently reached pre-corona status. The service sector has the largest and most important share in India's GDP. Of course, our basic priority is to control the corona infection. Our shortcomings, half-incomplete preparations have also come to the fore from the mock drill, which can be rectified in due course. In this context, we should not ignore the booster or precaution dose. According to the World Health Organisation, India has an average of 16.16 booster doses per 100 people, while the global average is 30.23. This lurch is not due to lack of vaccines. Actually people do not have awareness and there are some prejudices also. With boosters we can win a mighty fight against Corona. Mock drill, masks and more vaccination are such meaningful efforts and decisions, through which infection can be monitored and economic development can also keep running on track.

# Humayun Saeed: 6.3 feet girl taught how to do romantic scenes, Humayun Saeed told stories of 'The Crown'

Netflix's 'The Crown' series actor Humayun Saeed, who arrived as a guest on 'Mirza-Malik Talk Show', shared his experience of working with Hollywood actress Elizabeth Debicki. Like Bollywood and Hollywood actors all over the world, at this time the actors of our neighboring country Pakistan are also seen. The actors of Pakistani cinema world remain on people's tongue because of their acting, looks and style. The popularity of Pakistani artists is such that their fame is not limited to Pakistan and India only, but now all of them have become well-known names in foreign countries as well.



One of these artists is Humayun Saeed. Humayun is considered a big name in the Pakistani film industry. Humayun Saeed, who is often in discussions, has shown his acting prowess in the fifth season of Netflix's famous show 'The Crown'. Humayun Saeed made shocking revelations about his co-star Elizabeth Debicki in a talk show recalling the days he worked on the show. Pakistani actor Humayun Saeed, who has entertained people with his acting in the country and abroad, recently reached Sania Mirza and Shoaib Malik's talk show 'Mirza-Malik Talk Show'. In the show, the actor shared his experience working with Hollywood actress Elizabeth Debicki, who worked with him in the fifth season of 'The Crown'. The actor revealed, 'I did not expect to be cast in this wonderful period drama. With this, I was very nervous in the beginning of the show, but Elizabeth Debicki, who played Princess Diana in the show with me, encouraged me a lot. Talking about Elizabeth Debicki's behaviour, Humayun Saeed said, 'I remember very well that I have seen all the four seasons of this wonderful show and when I got a chance to be a part of the fifth season, I was overjoyed. There was no place. I got very excited about this. Not only this, when I met my co-star actress Elizabeth Debicki for the first time in this show, I kept staring at the six foot three inch girl. I talked to her and understood that she is a wonderful actress. Not only this, the actress also helped me in many romantic scenes of the show.

# Bigg Boss 16: Soundarya-Sreejita crossed the limits in front of the camera, Shiv-Abdu was surprised to see them lip-locking

A clip of Bigg Boss 16 is becoming increasingly viral on social media, in which Shiv Thackeray, Abdu Rojik, Soundarya Sharma and Sreejita Dey are seen. In this video, Soundarya and Sreejita are seen kissing each other. In TV's most popular and controversial reality show Bigg Boss, the audience is getting to see the ruckus on the day. In the last episode, a fierce fight was seen between Archana Gautam and Shaleen Bhanot in which, in a fit of rage, Shaleen starts throwing things in the house. At the same time, Sreejita Dey and Soundarya Sharma did something in such a way that both are being discussed everywhere. In fact, both of them lip-locked in front of the camera. A clip of Bigg Boss 16 is becoming increasingly viral on social media, in which Shiv Thackeray, Abdu Rojik, Soundarya Sharma and Sreejita Dey are seen.



In the video of the latest episode, it is seen that Sreejitha and Soundarya lock-lock each other, which Shiv and Abdul are shocked to see. Actually, Soundarya and Sreejita have been quarreling for two days and now both of them reconcile, after which she is joking with Shiv and Abdu that in the meantime they liplock.

# लेक सफारी का रूप लेगी दरियावगंज झील, बढ़ेगा ईको टूरिज्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कासगंज- प्राकृतिक संपन्नता की दृष्टि से जनपद कासगंज एक विशेष महत्त्व रखता है। यहां स्थित तमाम छोटे जल स्त्रोतों के अलावा चार प्रमुख जल स्त्रोत ऐसे हैं, जो प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी अपने अस्तित्व में बने रहे। इनमें सबसे बड़ा नाम दरियावगंज झील का है। इसकी अब गौखुर आद्रभूमि संरक्षण क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है। प्रशासन दरियावगंज झील को लेक सफारी के रूप में विकसित करने जा रहा है। विशेषज्ञों की राय के मुताबिक इसका खाका खींचना शुरू कर दिया गया।

कासगंज की तहसील पटियाली में स्थित दरियावगंज झील जनपद का एक प्रमुख जल स्त्रोत है। यह झील 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैली है। ईको टूरिज्म के लिहाज से दरियावगंज झील एक उपर्युक्त स्थान है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर यहां पर्यटन की कई तरह की संभावनाओं को खोजा जा रहा है। ईको टूरिज्म बढ़ाने के लिए दरियावगंज झील को लेक सफारी के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

इस पर जिला प्रशासन ने विशेषज्ञों का सहयोग ले रहा है प्रकृति प्रेमी पर्यटकों को आकर्षित करने व ईको टूरिज्म बढ़ाने के उद्देश्य से झील को लेक सफारी के रूप में विकसित जा सकता है। विशेषज्ञों के जरिए इसकी संभावना तलाशी जा रही हैं, जिससे पर्यटक यहां ज्यादा से ज्यादा आएं। हर्षिता माथुर, डीएम हो सकते हैं ये काम प्रकृति प्रेमी पर्यटकों को आकर्षित करने व ईको टूरिज्म बढ़ाने के उद्देश्य से झील को लेक सफारी के रूप में विकसित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं जुटाने की कार्ययोजना है। इस में वाटर स्पोर्ट्स एडवेंचर, हॉर्स राइडिंग, कैम्पिंग नाइट, बर्ड वाचिंग, देशी फूड कोर्ट जैसी तमाम रोमांचकारी व अन्य जनसुविधाओं की संभावनाओं को खोजा जा रहा है। देशी विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाली इस योजना से स्थानीय निवासियों को सम्मानजनक रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# जिले में एक के बाद एक लूटपाट करने वाले चार दबोचे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एक के बाद कई लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातिर लुटेरों को बागवाला, मलावन, स्पेशल सेल की टीम ने धर दबोचा। पकड़े गए लुटेरे जिले में लगातार लूट कर पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे। इनके कब्जे से चोरी का माल, घटना में प्रयुक्त बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि एसएचओ बागवाला नरेश सिंह, एसएसआई मलावन विनोद कुमार, स्वाट, इंटेलीजेंस टीम के शंभूनाथ, विनोद कुमार, विपिन भाटी, श्रवण निगम, नितिन चौधरी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बुधवार रात को जीटी रोड आसपुर के पास से पुष्पेंद्र उर्फ पेठा निवासी परसोंन बागवाला, प्रवेश निवासी शेरपुर थाना अमांपुर कासगंज, विपिन निवासी नगला मंगली थाना जैथरा, सुखवीर उर्फ बाबा निवासी नगला दयाराम थाना मलावन को पकड़ा। इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, दो बाइक, मोबाइल, 13 हजार नकद, लूट के आभूषण बरामद हुए। सुखवीर उर्फ बाबा, सौरभ ने मिलकर 23 अक्तूबर को छौना पुल पर ऑटो सवार सराफ से लूट की थी। इसके साथ ही गैंग बनाकर लूट की घटनाएं करते हैं। एएसपी ने बताया कि 13 अप्रैल को अलीगंज में बाइक सवार लुटेरों ने महिला से जेवरात लूटे थे। मामले की रिपोर्ट प्रवीण ने दर्ज कराई थी।

28 सितंबर को मलावन के गांव सैंदपुर पर भाई-बहन को रोककर बाइक सवार लुटेरो ने महिला से पर्स लूटा था। 12 दिसंबर को सत्यवीर सिंह निवासी कलंदरनगर जसरथपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि बाइक सवार लुटेरों ने उनकी पत्नी से जेवरात लूटे थे। 16 दिसंबर को कुलदीप निवासी बेंदुला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनसे, इनकी पत्नी से भी बाइक सवार लुटेरों ने लूट की थी। सीसीटीवी कैमरे ने एक बार फिर पहुंचाया अंजाम तक एएसपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। उसमें लुटेरो को देखा गया। पीड़ित के बयान, कैमरे के आधार पर लुटेरों को पकड़ा गया। बागवाला में कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

# सर्दी से शहर में घूम रहे गोवंश का बुरा हाल, कई बीमार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कड़ाके की सर्दी से शहर में घूम रहे गोवंशो का बुरा हाल है। इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। मार्गों पर घूम रहे गोवंश चुटैल व बीमार हैं। इनको जगह-जगह बीमार होने स्थिति में पड़ा देखा जा सकता है। उसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने से बच रहे हैं। बीमार व चुटैल गोवंश को देखकर जनमानस आहत हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खुले में घूम रहे गोवंश को गोशालाओं में सुरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। उसके बाद भी इनको गोशाला में सुरक्षित करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। मार्गों पर घूमते समय वाहनों की टक्कर लगने से यह चुटैल हो रहे हैं। इनके उपचार के लिए संबंधित विभाग को सूचना देते है। उसके बाद भी इनको उपचार नहीं मिल पा रहा है। कड़ाके की सर्दी में मार्गों पर गोवंश को बीमार भी देखा जा सकता है। बीमार गोवंश को सड़क किनारे, गली, मोहल्लों में पड़ा देखा जा सकता है। इसकी अनेक बार लोगों ने पशुपालन विभाग को सूचना दी है। फिर भी इनको उपचार देने, देखभाल को गोशाला भेजने की पहल नहीं हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंशों को लेकर काफी गंभीर हैं। शहर में चुटैल गोवंश घूम रहे हैं। इनको गोशाला तक नहीं पहुंचाया जा रहा है। कुछ गोवंश तो ऐसे हैं जो उठ नहीं पा रहे हैं। एक ही जगह पर भूखे-प्यासे पड़े हैं। जिले में प्रभारी मंत्री, मंत्री गोशालाओ का निरीक्षण कर चले जाते हैं। शहर में घूम रहे गौवंशो का कोई निरीक्षण नहीं करता है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता गोवंशों पर कार्य कर रहे हैं।- अरविंद सिंह चौहान, विहिप विभागाध्यक्ष शहर में घूम रहे बीमार, चुटैल गोवंश के लिए अभी कोई गोशाला नहीं है। अवागढ़, निधौलीकलां में गोशाला का निर्माण हो रहा है। एक सप्ताह में निर्माण हो जाएगा। उसके बाद घायल व बीमार गोवंश को वहां भेजा जा सकेगा। वर्तमान में लोगों के सूचना देने पर पशु चिकित्सक पहुंचकर बीमार और घायल गोवंश का उपचार कर रहे हैं।- अनिल कुमार सिह, सीबीओ

# ई-रिक्शा लूट की दो घटनाएं नहीं दर्ज हुई एक भी रिपोर्ट

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर रिक्शा, मोबाइल व नकदी लूटने की दूसरी घटना हुई है। किसी भी मामले में कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। हालांकि कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिलती है। बता दें कि कोतवाली देहात के गांव दूल्हापुर निवासी लवकुश बुधवार को गांधी मार्केट में अचेत हालत में मिले थे। पिता प्रेमपाल ने बताया कि मंगलवार रात को कुछ लोगों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर अचेत कर दिया था। बेटे से दो हजार रुपये, ई-रिक्शा, मोबाइल लूट ले गए थे। इससे पहले भी एक घटना हुई थी। वह युवक ठंडी सड़क पर अचेत पड़ा मिला था। उससे भी ई-रिक्शा, मोबाइल, नकदी लूटी गई थी। दोनों ही मामलों का खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि इन मामलों में कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई है।

# भूल गए लोग सेनेटाइज करना, न लगा रहे मास्क

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-धीरे-धीरे देश में कोरोना के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। एटा के लोग कोरोना के प्रति पूरी तरह लापरवाह है। न तो शोसल डिस्टेंस का प्रयोग हो रहा है न ही लोग मास्क का प्रयोग कर रहे है। खास बात है पिछले एक वर्ष से कहीं पर भी सेनेटाइजर का छिड़काव तक नहीं हुआ है। रोडवेज बस स्टैंड पर प्रतिदिन दिल्ली आदि शहरों से हजारों लोगों का आवागमन होता है। मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भीड़ जुटती है। पूरे दिन बाजार भीड़ से भरे रहते है। लोगों को यह याद ही नहीं है कि कोरोना अभी गया नहीं है। फिर से दस्तक दे चुका है। फिर से एक भी मरीज पॉजिटिव मिल गया तो कोई इंतजाम नहीं आ रहे है। सरकार की ओर से निर्देश जारी किए जा चुके है कि लोग कोविड के नियमों का पालन करें। सोशल डिस्टेंस बनाए रखे। मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया था। इसके बाद भी लोग बिना मास्क के ही सार्वजनिक स्थानों पर देखे जा सकते है।

आरटीपीआर लैब में नहीं हो पा रही पूरी जांच इस समय कोरोना की जांच की रफ्तार भी काफी धीमी है। जनपद में दो हजार जांच का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष आधे से भी कम जांचें हो रही है। आरटीपीआर लैब में जांचों की रफ्तार भी काफी कम है। आरटीपीआर लैब होने के बाद भी जनपद दूसरे जिलों पर निर्भर है। जैसे ही संख्या बढ़ती है वैसे ही दूसरे जिलों को भेज दी जाती है। गुरुवार को घंटाघर पर बिना मास्क के आते-जाते लोगों की भीड़। अभी कोई कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं है। लगातार जांचें की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जांच के लिए टीमें बनाई है। विदेश से आने वालों की सूचना के लिए टीमें लगाई गई है। डा. उमेश चंद्र त्रिपाठी, सीएमओ रोडवेज बस स्टैंड पर शीघ्र ही जांच और सेनेटाइजर का छिड़काव कराया जाएगा। सभी लोग मास्क का प्रयोग करें इसके लिए जागरुकता कराई जा रही है।-आलोक कुमार, एडीएम प्रशासन

# पीड़ित महिलाओं का सहारा बना जिले का सखी वन स्टॉप सेंटर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भारत में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा को समाप्त करने, उनको हिंसा से संरक्षण प्रदान करने के लिए अनेक वैधानिक प्रावधान उपलब्ध है। इसके बाद भी घरेलु हिंसा, लैंगिक हिंसा, बलात्कार, दहेज के लिए उत्पीड़न, एसिड अटेक, डायन, टोनही के नाम पर प्रताड़ना, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, अवैध मानव व्यापार, बाल विवाह, लिंग चयन व भ्रुण हत्या, सती प्रथा इत्यादि रूपों में हिंसा समाज में विद्यमान है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए महिलाओं को एकीकृत रूप से सहायता उपलब्ध कराने के लिए भारत शासन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार की सहायता से प्रदेश के जिलों में वन स्टॉप सेन्टर संचालन की स्वीकृति दी गई है। वन स्टॉप सेन्टर में सभी वर्ग की महिलाओं (18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाएं भी सम्मिलित है) को सलाह, सहायता, मार्गदर्शन एवं संरक्षण प्रदाय किया जायेगा। जिला सूरजपुर के सखी वन स्टॉप सेंटर को 06 फरवरी 2021 को बस स्टैण्ड सूरजपुर में एक वृद्ध महिला उम्र लगभग 98 वर्ष के भटकती हुई पाये जाने की जानकारी मिली। जिसे 8 फरवरी 2021 को पीड़िता के परिवार जन पीड़िता को सखी में लेने आये। इसी प्रकार 3 अप्रैल 2021 को एक महिला भटकती अवस्था में मिली जिसकी जानकारी 181 महिला हेल्प लाइन के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर (महिला एवं बाल विकास विभाग) सूरजपुर, को प्राप्त हुई थाना-जयनगर की मदद से महिला को रेस्क्यू कर सखी में लाया गया। पीड़ित महिला से बातचीत करने पर वह अपना नाम नुपुर गोड़ एवं पता ग्राम-देवीपुर बता रही थी। जिसे 05 अप्रैल 2021 को पीड़िता के परिवार जन पीड़िता को लेने सखी में आये।

# यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी से किसान परेशान

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती में इन दिनों किसान यूरिया खाद न मिलने और दुकानदारों के द्वारा खाद की ज्यादा कीमत वसूलने से काफी परेशान है। खाद की किल्लत और कालाबाजारी सिर्फ एक या दो जगह नहीं बल्की पूरे जिले में है। किसान यूरिया खाद के लिए दर दर भटक रहे है और काफी परेशान है। लेकिन उनकी समस्या का निदान नहीं हो रहा।सरकार ने यूरिया की कीमत 266 रुपए तय किया है। लेकिन किसानों को न खाद मिल रहा और न हीं तय सरकारी रेट पर यूरिया खाद मिल रहा है। अधिकांश किसान गेहूं और गन्ना की खेती पर निर्भर है। लेकिन जब भी गेहूं खेती का सीजन आता है बाजार में खाद की किल्लत हो जाती है और खुलेआम कालाबाजारी होने लगता है। इसका वजह है कि खाद माफिया खाद को स्टॉक कर दोगुनी रेट में बेचने लगते है। किसानों को कंगाल कर खाद माफिया मालामाल हो जाते है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यदि कोई दुकानदार यूरिया का तय रेट से अधिक कीमत लेता है तो शिकायत मिलने पर दुकानदार के उपर सख्त कार्रवाई होगी।

# आर्म्स एक्ट की कार्यवाही। तलवार का भय दिखाकर लोगों को डरा धमका रहे 1 व्यक्ति को थाना सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- बीते बुधवार को थाना सूरजपुर पुलिस को सूचना मिली कि मस्जिदगली सूरजपुर निवासी अब्दुल फैज उर्फ नसूर तलवार लेकर लहरा कर आने-जाने वाले लोगों को भय दिखाकर डरा-धमका रहा है। सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराया गया जो उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस टीम के द्वारा मस्जिदपारा में घेराबंदी कर अब्दुल फैज उर्फ नसूर पिता अब्दुल कलाम उम्र 23 वर्ष को पकड़ा जिसके कब्जे से लोहे का तलवार को जप्त धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई पियुस चन्द्राकर, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी गिरी व आरक्षक हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

# मानक बिहीन निर्माण होने से सरकारी धन का दुरुपयोग व बंदरबांट किया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती विकासखंड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकुइया के मजरा भुड़कुलवा टू लाइन से प्राथमिक विद्यालय तक इंटरलॉकिंग लगवाया ज रहा है ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा मानक विहीन पीले ईट का रोड़ा व नदी रेत का बालू सफेद व इजिंग पीले ईट से जोड़कर बनाया जा रहा है मानक बिहीन निर्माण होने से सरकारी धन का दुरुपयोग व बंदरबांट किया जा रहा है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी हरिहरपुर रानी से बात करने पर बताया गया कि मानक विहीन सड़क तत्काल प्रभाव से जांच कराया जाएगा और मानक विहीन कार्य हो रहा है।

# कलेक्टर ने पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर राशन भंडारण एवं वितरण की जानकारी ली




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत धनौली में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। उन्होने दुकान में राशन भंडारण एवं वितरण की जानकारी ली। यह दुकान लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह धनौली द्वारा संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर ने विक्रेता झलकन बाई गुर्जर से दुकान से सम्बद्ध हितग्राहियों की संख्या, माह दिसंबर में राशन वितरण, आधार सीडिंग, कोर पीडीएस सुविधा आदि के बारे में पूछताछ की। उन्होंने दुकान में भंडारित चावल, चना, नमक, शक्कर की उपलब्धता तथा गुणवत्ता की जांच की। उन्होने केरोसीन स्टॉक तथा वजन मशीन का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी सुश्री मंजुला सलाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

# नव वर्ष पर रात्रि 12.30 बजे के बाद कार्यक्रम का आयोजन करने पर प्रतिबन्ध अवहेलना करने पर होगी कार्यवाई

ग्यासुद्दीन -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज पुलिस नियंत्रण कक्ष में नववर्ष मनाये जाने के संबंध में बार, ढाबा, हॉटल एवं मैरिज गार्डन के संचालकों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) की उपस्थिति में हुई। बैठक मे बार, ढाबा, हॉटल एवं मैरिज गार्डन के संचालकों को निर्देशित किया गया कि नववर्ष कार्यक्रम को शांति एवं सुरक्षित पूर्वक मनाये जाने के संबंध में कोलाहल अधिनियम का पूर्ण रूप से पालन किया जाये। यदि इस संबंध में शिकायत प्राप्त होगी तो कार्यवाही की जावेगी। कार्यक्रम आयोजन स्थल में सी. सी. टीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। एनजीटी एवं पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों के अधीन नववर्ष आगमन के दौरान फटाखे फोड़ने के संबंध में निर्धारित समय का पालन किया जाये। यदि शराब पिलाया जायेगा तो विधिवत् लाईसेंस प्राप्त करना होगा एवं लायसेंस में निर्धारित समय का पूर्णतया पालन करना होगा। इस संबंध में प्रशासन द्वारा जांच दल का गठन किया जावेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी संचालकों को निर्देशित किया है कि पार्किंग क्षमता अनुसार ही अतिथियों को आमंत्रित किया जावे। यदि वाहन रोड में पार्क किया हुआ रहेगा तो वाहन की जप्ती की कार्यवाही की जायेगी। रात्रि 12.30 बजे के बाद कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जायेगा। इस संबंध में सभी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम आयोजन के पूर्व जिला प्रशासन को सूचित कर अनुमति प्राप्त करना होगा। कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर आयोजक-संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# कैबिनेट बैठक- कर्मचारियों के एनपीएस पर CM बघेल का बड़ा मास्टरस्ट्रोक, केंद्र के इनकार के बावजूद लिया अहम फैसला



सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर मुख्यमंत्री ने बड़ा मास्टर स्ट्रोक लिया।

सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर मुख्यमंत्री ने बड़ा मास्टर स्ट्रोक लिया।

इसके तहत राज्य के अधिकारियों-कर्मचारिया के लिए एनपीएस की राशि वापस करने के लिए केंद्र सरकार के मना करने के बावजूद पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया। यह भूपेश सरकार का अब तक का बड़ा फैसला है। शासकीय सेवकों को एक अप्रैल 2022 से ही छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि का सदस्य माना जाएगा। एक नवंबर 2004 या उसके बाद नियुक्त तिथि से 31 मार्च 2022 तक एनपीएस खाते में जमा कर्मचारी अंशदान और उस पर अर्जित लाभांश शासकीय कर्मचारी को एनपीएस नियमों के तहत देय होगा।

# ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट होने से दो युवकों की दर्दनाक मौत, शरीर के उड़ गए चिथड़े, धड़ से अलग हुआ सिर



चंदौली- चंदौली के रवि नगर मोहल्ले में शुक्रवार को ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फटने से दो युवकों की मौत हो गई। इस दौरान मौके पर हड़कंप मच गया। मृतक 35 वर्षीय चंद्रभान मुगलसराय के कुढकला का जबकि 28 वर्षीय राजन मुगलसराय के न्यू महाल का रहने वाला था। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसर गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसपी अंकुर अग्रवाल ने घटनास्थल का मुआयना किया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए

## ट्रैक्टर की टक्कर से सिलेंडर ब्लास्ट होने की आशंका

राजन हिनौली स्थित ऑक्सीजीन सिलेंडर की आपूर्ति करने वाले पूजा इंजीनियरिंग में दैनिक मजदूरी करता था। वहीं चंद्रभान पिकअप का चालक था। दोनों पिकअप से विभिन्न अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेंडर आपूर्ति करने का काम करते थे। शुक्रवार को ऑक्सीजन सिलेंडर लोडकर दयाल नर्सिंग होम में आपूर्ति करने पहुंचे थे। नर्सिंग होम के पास पिकअप खड़ी कर सिलेंडर उतार रहे थे, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ने पिकअप में धक्का मार दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रैक्टर के धक्के से ही सिलेंडर ब्लास्ट कर गया और दोनों की मौत हो गई।

## मृतक के सिर से अलग हो गया धड़

ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि मृतक का सिर शरीर से अलग हो गया, वहीं शरीर के चिथड़े उड़ गए। वहीं आसपास खड़े वाहनों व घरों के शीशे चकनाचूर हो गए। इस ब्लास्ट से मुहल्लेवासी सन्न रह गए और कुछ देर के लिए रवि नगर मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मुगलसराय सीओ अनिरुद्ध सिंह व एसडीएम मुगलसराय अविनाश कुमार ने भी घटनास्थल पहुंचकर मामले की पड़ताल की।

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

यह घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी



कैमरे में भी कैद हो गई है। जिसके आधार पर बताया जा रहा है कि नोजल के तरफ से गिरने के कारण सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। सूचना मिलते ही पिकअप वाहन के चालक चंद्रभान के पीता जंगी राम व राजन के पिता राजकुमार पाल घटनास्थल पर पहुंच गए। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## कंपनी ने मृतकों के स्वजन को दिए 25 हजार

पूजा इंजीनियरिंग की तकफ से मृतकों के स्वजनों को 25-25 हजार रुपये दिए गए। वहीं संचालक अविनाश मल्लिक ने बताया कि चालक चंद्रभान का दस लाख का बीमा कराया गया है, वहीं राजन को कंपनी प्रविधान के अनुरूप सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि आक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट करने से दो लोगों की मौत हो गई है। सिलेंडर कैसे फटा इसकी जांच की जा रही है। शव को मर्चरी भेज दिया गया है। फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य ले लिए हैं। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा कि कैसे घटना हुई। जांच में पता चलेगा कि सिलेंडर में प्रेशर ज्यादा था या नहीं। जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता जी हीराबेन के निधन किसानों ने दुख व्यक्त किया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के निजी कार्यालय धनीपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की 100 बरस की माताजी हीराबेन के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई 5 मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की गई कि भगवान उनको अपने चरणों में स्थान दे आत्म शांति दे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि दुनिया में मां से बढ़कर कोई नहीं है मां की बराबर योगदान बेटे को कोई नहीं कह सकता मां बहुत बड़ी शक्ति होती है बेटा की आत्मरक्षा के लिए मां बहुत बड़ी शक्ति होती है शोक सभा में ठाकुर उदयवीर सिंह ठाकुर वीरपाल सिंह ठाकुर अमर सिंह ठाकुर सत्यपाल सिंह ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह महेश चंद बघेल इंदर सिंह बघेल यशपाल पाठक गुलाब चंद शर्मा ठाकुर भमर पाल सिंह ठाकुर चेन पाल सिंह रमेश पाल शर्मा कृष्ण कुमार प्रजापति अनिल सिंगल महिपाल सिंह आदि किसानों ने शोक सभा में भाग लिया

# किसान की 17 वर्षीय बेटी का कमाल, अमेरिका की टॉप यूनिवर्सिटी ने दी 100% स्कॉलरशिप



मऊ- टेलीविजन समाचार में दम घुटने से कार में हुई एक मासूम की हृदय विदारक मौत से व्यथित इंटरमीडिएट की छात्रा दाक्षायनी पांडेय ने कार सुरक्षा प्रणाली का एक ऐसा सैद्धांतिक मॉडल तैयार कर दिया है, जिसे देख और सुनकर पूरी दुनिया चकित है। अमेरिका के कैलिफोर्निया की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा के लिए उसे 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी है। 17 वर्षीय दाक्षायनी सितंबर 2023 में बायो इंजीनियरिंग और इंटरप्रेन्योरशिप की पढ़ाई करने वहां जाएगी।

## प्राथमिक विद्यालय से की पांचवी की पढ़ाई

मऊ के दोहरीघाट के किसान दिग्विजय नाथ पांडेय की बेटी दाक्षायनी ने दोहरीघाट के प्राथमिक विद्यालय से पांचवी तक पढ़ाई की। इसके बाद उसने ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने वाले विद्याज्ञान स्कूल, सीतापुर की प्रवेश परीक्षा पास की।

## ये है कार सुरक्षा प्रणाली की खासियत

दाक्षायनी 11वीं में थी, जब उसने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में %मिशन प्रोटेक्टर नाम से ऐसी कार सुरक्षा प्रणाली पर काम शुरू किया जो एमक्यू-135 सेंसर पर आधारित है। यह सेंसर कार्बन डाइआक्साइड के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उसका सुरक्षा मॉडल एक माइक्रोकंट्रोलर और एक सर्वो मोटर से जुड़ा है। कार में जैसे ही कार्बन डाइआक्साइड का स्तर बढ़ता है, सेंसर सर्वो मोटर को अलर्ट संदेश भेजता है। सर्वो मोटर तेजी से घूमने लगता है और कार की खिड़कियां स्वयं खुल जाती हैं और दम घुटने से मौत की आशंका खत्म हो जाती है। दाक्षायनी ने आटोमोटिव सुरक्षा प्रणाली के पेटेंट के लिए लिए आवेदन कर दिया है। दाक्षायनी ने पहली बार अपना मॉडल आईआईटी दिल्ली में आयोजित इंडिया एट 75 नेशनल आइडियाथान-2021 में दाक्षायनी का मॉडल प्रथम स्थान पर रहा था। यहां तक की इवोल्ट नाम की एक ऑटो कंपनी ने दाक्षायनी को अपना ब्रांड अंबेसडर नियुक्त करने की पेशकश भी की थी।

# जिला पंचायत परिसर बना धूम्रपान प्रतिबंधित क्षेत्र, परिसर को हरा-भरा बनाने कलेक्टर ने किया पौध रोपण

## एनआरएलएम शाखा के लिए नए कार्यालय कक्ष का हुआ शुभारंभ



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की ने आज जिला पंचायत (डीआरडीए) परिसर को धूम्रपान प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने के साथ ही जनसामान्य की जानकारी के लिए धूम्रपान निषेध साइन बोर्ड प्रदर्शित किया। उन्होने कार्यालय परिसर को पर्यावरण संरक्षण के तहत हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) शाखा के लिए नवनिर्मित कार्यालय कक्ष का शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ ही एनआरएलएम शाखा अब नए कार्यालय कक्ष में शिफ्ट हो गया है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आरके खूंटे, जिला प्रबंधक एनआरएलएम श्री दुर्गा शंकर सोनी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कोटपा अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए सभी शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों, शासकीय भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू एवं धूम्रपान प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया जा रहा है।

# कालान्तर में गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था इसी कारण इस जनपद का नाम सिद्धार्थनगर पड़ा

राजेश कुमार शास्त्री
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सिद्धार्थनगर। आज सिद्धार्थनगर जनपद के स्थापना दिवस दिसम्बर को 34वें वर्षगाठ के अवसर पर सुबह साड़ी तिराहा पर बुद्ध की प्रतिमा के चरणो पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, नें माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया तथा उनके साथ सहयोगी अधिकारियों द्वारा भी पुष्प अर्पित किया गया। इसी क्रम में सिद्धार्थ चौराहे , बर्डपुर स्थित तिराहे पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के चरणो में पुष्प अर्पित किया गया। बताया जाता है कि इसके पश्चात अलीगढ़वा स्थित कपिलवस्तु स्तूप पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा स्तूप का पूजन कर स्तूप की परिक्रमा किया गया। कपिलवस्तु स्तूप पूजन के पश्चात शिवपति इन्टर कालेज की छात्राओ द्वारा स्वागत गीत तथा साकेत मिश्रा द्वारा कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि तथा गत गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था इसी पर इस जनपद का नाम सिद्धार्थनगर पड़ा। आज जनपद स्थापना के 34 वर्ष हो गये है। महात्मा गौतम बुद्ध का बाल्यकाल का जीवन कपिलवस्तु में व्यतीत हुआ था। गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को अंहिसा, करूणा और दया का पाठ पढ़ाया, उन्होंने हिसा करने वालों से बचने का उपदेश दिया। आज महात्मा गौतम बुद्ध को मानने वाले अनेक देशों में मिलते है। महात्मा गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को अंहिसा के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया है। मा0 सांसद जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि जनपद सृजन के समय मै उ0प्र0 सरकार में मंत्री था और अब तक मुझे जनपदवासियों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। कपिलवस्तु में हेलीपोर्ट की स्थापना के लिए प्रयास किया जा रहा है। जिससे बुद्ध सर्किट को हवाई सेवा से जोड़ा जा सके। गौतम बुद्ध के जन्म के 7 दिन बाद उनकी माता का देहान्त हो गया। उनकी मौसी गौतमी ने बुद्ध का पालन किया। गौतम बुद्ध ने 29 वर्ष यही कपिलवस्तु में व्यतीत किया। इसके बाद वे ज्ञान की खोज में निक गये। बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्हेंने काशी आकर सारनाथ में पहला उपदेश दिया। गौतम बुद्ध के बताये आष्टांगिक मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए। मा0 सांसद जी ने उपस्थित सभी लोगो को जनपद स्थापना की बधाई दी। मा0 विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा ने उपस्थित सभी लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मा0 विधायक शोहरतगढ़ ने कहा कि हम सभी लोग मिल कर कार्य करे जिससे जनपद को और ऊंचाईयों पर ले जाये। मा0 विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून ने सभी लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जनपद की स्थापना को 34 वर्ष पूर्ण हो गये है। भन्तेगण शान्ति का मार्ग दिखाते है। आज काला नमक चावल की खुशबू पूरे विश्व में फैल रही है। हमारा जनपद और अधिक विकास करे। जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन ने उपस्थित सभी लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जनपद की वर्ष 1988 में हुई। तब से अब तक बहुत कुछ बदल गया है। जनपद की पहचान भगवान गौतम बुद्ध के रूप में है। बुद्ध ने अपना पूरा बचपन यही व्यतीत किया। भगवान बुद्ध के प्रति श्रद्धा को लेकर जनपद ने 34 वर्ष पनूर्ण किये है। जनपद के लोग सरल और सीधे है। काला नमक चावल के रूप में भगवान बुद्ध का सन्देश सभी तक पहुँचे। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आन्नद ने उपस्थित सभी लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यहां के सज्जन है। यह शान्तिप्रिय जनपद है। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने जनपद आज 34वां वर्षगाठ के अवसर पर उपस्थित सभी मा0 जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारीगण, मीडिया बन्धु और भन्तेगणो का स्वागत करते हुए जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। महात्मा गौतम बुद्ध ने दुनिया को सही मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया था हम सभी लोगो को उनके द्वारा बताये गये उपदेशो का आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा भन्तेगणो को कम्बल वितरण मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ श्र विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा सहयोगी अधिकारियों द्वारा कम्बल का वितरण कराया गया। खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर सुरेश कुमार द्वारा सभी मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा दूर-दराज से आयी जनता का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीतेश पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वी0के0अगवाल, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, पी.डी0 नागेन्द मोहन राम त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी/प्र0जिला सूचना अधिकारी विनोद कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10वीं और 12वीं बोर्ड के एग्जाम 15 फरवरी से शुरू होंगे

10वीं और 12वीं बोर्ड के एग्जाम 15 फरवरी से शुरू होंगे। CBSE 10वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 21 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि 12वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 5 अप्रैल, 2023 तक आयोजित की जाएगी। CBSE 10वीं की बोर्ड परीक्षा पेंटिंग, राय, गुरुंग, तमांग, शेरपा और थाई पेपर के साथ शुरू होगी और गणित के मानक और गणित के बेसिक पेपर के साथ समाप्त होगी।

अधिकांश पेपरों की परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1=30 बजे तक होगा। CBSE 12वीं बोर्ड परीक्षा एंटरप्रेन्योरशिप के पेपर से शुरू होगी और साइकोलॉजी के पेपर के साथ खत्म होगी। कक्षा 12 की परीक्षाओं का समय अधिकांश पेपरों के लिए सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा।

## नए साल के जश्न में घटी कोई अप्रिय घटना तो थाना प्रभारी चौकी प्रभारी होंगे जिम्मेदार, SSP ने पुलिस को दिए सख्ती के निर्देश

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- नए साल के जश्न को लेकर लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। जश्न में कोई खलल न पड़े, इसे लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि नव वर्ष की आड़ में किसी को भी नए लाइसेंस के साथ पार्टी करने की अनुमति ना दें। सीओ सुनिश्चित करें कि चौकी स्तर पर सांठगांठ करके अनाधिकृत रूप से कोई पार्टी आयोजित न हो। एसएसपी ने कहा कि कहीं भी कोई घटना सामने आई तो थाना-चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी होगी। अलीगढ़ वासियों को पुलिस का संदेश- नए साल को लेकर पुलिस ने अलीगढ़ वासियों को संदेश जारी किया है। इसमें कहा है कि सार्वजनिक स्थलों, पार्कों व सड़कों पर वाहन में बैठकर या साइड में शराब पीना प्रतिबंधित है। बार पर निर्धारित समय 12 बजे के बाद शराब सेवन प्रतिबंधित है। समस्त शराब के ठेके अपने निर्धारित समय 10 बजे बंद हो जाएंगे। शराब पीकर वाहन चलाना, लड़कियों, महिलाओं से किसी भी प्रकार की अभद्रता पर अपराध पंजीकृत कर कार्रवाई होगी। तेज आवाज डीजे पर बजाने पर होगी कार्रवाई- बैंक्वेट हाल, आयोजन स्थलों पर बिना अनुमति आयोजन नहीं रखा जाएगा। तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना व लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों में बाधा डाली तो विधिक कार्रवाई होगी। कोविड गाइडलाइंस का प्रत्येक दशा में पालन करना अनिवार्य होगा। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि अधिक से अधिक दोपहिया वाहनों को गश्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 31 दिसंबर की रात को जहां-जहां बड़ी पार्टी होनी है, इसकी सूचना थाने पर होनी चाहिए। वहां पर पर्याप्त फोर्स लगाया जाए। कोई घटना हुई तो थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी जिम्मेदार होंगे। बाइकर्स पर रहेगी विशेष निगरानी- अक्सर देखने को मिलता है कि नए साल को लेकर रात में युवा तेज रफ्तार से बाइक चलाते हैं। इससे दुर्घटना की संभावना रहती है। इसके लिए पुलिस चेकिंग करेगी। कोई भी रेव पार्टी करते व बाइक स्टंट करते पाया गया तो कार्रवाई होगी। दो दिन तक ब्रेथ एनालाइजर सेल्फ ताबड़तोड़ चालान किए जाएंगे। विशेष रूप से होटल, क्लब, बार आदि स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे। महिलाओं से छेड़छाड़, लूट आदि की घटनाओं को लेकर भी पुलिस सतर्क रहेगी। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि शहर और देहात में नए साल के लिए अतिरिक्त फोर्स लगाया जा रहा है। सभी थाने अपना-अपना ड्यूटी चार्ट बनाएंगे

## मनीपुर के पूर्व प्रधान के साथ मारपीट



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर मनीपुर में दवंगों ने गांव के पूर्व प्रधान योगेंद्र सिंह उर्फ बिंटू पुत्र मोहनलाल के साथ मारपीट कर दी। पूर्व प्रधान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है। पड़ोस की ही एक महिला सहित चार लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल पूर्व प्रधान को पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है।